Community Eye Health Journal
South Asia Edition
सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य जर्नल, दक्षिण एशिया संस्करण

© ASTRID LECK CC BY-NC-SA

मोतियाबिंद सेवाओं में सुधार: बेहतर पहुंच, बेहतर परिणाम, बेहतर मूल्य

जब आंख का प्राकृतिक लेंस अपारदर्शी हो जाये तो उसे कैटरेक्ट या मोतियाबिंद कहते हैं. हमारे लेंस आमतौर पर स्पष्ट कांच की तरह होते हैं, जिससे हम उनके आर-पार देख सकते हैं।जैसे-जैसे हमारी उम्र बढती है, उस पर सफेदी छा जाती है, और लेंस अपारदर्शी हो जाता है जोकि हमारी दृष्टि को सीमित करता है। उम्र बढ़ने के परिणामस्वरूप मोतियाबिंद ज्यादातर वयस्कों को प्रभावित करता है। धुंधले लेंस को बदलने के लिए सर्जरी ही दृष्टि में सुधार करने का एकमात्र तरीका है।

हालांकि मोतियाबिंद के लिए अत्यधिक प्रभावी उपचार कई दशकों से दुनिया भर में उपलब्ध हैं ,फिर भी यह निवारण परिहार्य अंधेपन का प्रमुख कारण बना हुआ है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है कि लाखों लोग एक ऐसी स्थिति के कारण दृष्टि के अधिकार से वंचित हैं जिसे एक सुरक्षित, तेज और किफायती प्रक्रिया से ठीक किया जा सकता है।

सुधार केवल नई तकनीकों, दवाओं या उपकरणों पर निर्भर नहीं करता है।बल्कि, इस बात पर निर्भर करता है कि रोगी-केंद्रित सेवा प्रदान करने के लिए नेत्र स्वस्थ्य टीम में हर किसी का समन्वित प्रयास शामिल हो।

मोतियाबिंद के कारण दृष्टि दोष से लड़ने के तीन स्तंभ हैं - आउटपुट, परिणाम और परिव्यय । और इस अंक के लेख बताते हैं कि कैसे इन तीनों के संतुलित दृष्टिकोण के साथ, मोतियाबिंद सेवाओं में बड़े सुधार देखने को मिल सकते हैं।

इस पत्रिका को सब्सक्राइब करने के लिए कृपया दिए गए क्यूआर कोड (QR code) को अपने मोबाइल फ़ोन से स्कैन करें

© JSCEH (INFORMATION AND TECHNOLOGY DEPARTMENT) CC BY-NC-SA 4.0

© INDRA P SHARMA / BHUTAN CC BY-NC-SA 4.0

© DR R. P. CENTRE, AIIMS / INDIA CC BY-NC-SA 4.0

प्रमुख सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य संदेश

मोतियाबिंद सेवा के तीन प्रमुख आयाम हैं:

- **मोतियाबिंद आउटपुट।** कितनी सर्जरी की जा रही हैं, और संख्या कैसे बढ़ाई जा सकती है? लोगों के कौन से समूह, सेवाओं तक पहुँच पा रहे हैं और कौन से नहीं?
- **मोतियाबिंद का परिणाम।** सर्जरी के बाद कितने प्रतिशत रोगियों की दृष्टि अच्छी होती है? जटिलता (कॉमप्लिकेशन) दर क्या है? परिणाम, रोगी संतुष्टि और सेवा की गुणवत्ता में सुधार कैसे किया जा सकता है?
- **मोतियाबिंद परिव्यय।** प्रत्येक ऑपरेशन को करने में कितना खर्च आता है, और मरीज कितना भुगतान करते हैं? सेवाओं को किफायती कैसे बनाया जा सकता है?

मोतियाबिंद सर्जरी की गुणवत्ता को तीन दृष्टिकोणों से मापा जा सकता है:

- **शारीरिक।** सर्जरी से पहले और बाद में दृष्टि में क्या परिवर्तन होता है?
- **कार्यात्मक।** सर्जरी से पहले और बाद में मरीज कौन से काम कर सकते हैं?
- **मनोवैज्ञानिक।** सर्जरी से मरीज कितने संतुष्ट हैं?

मोतियाबिंद सेवाओं के उपयोग में सुधार के लिए निम्नलिखित की आवश्यकता है:

- आउटरीच, शिक्षा और मोबाइल क्लीनिक के माध्यम से मोतियाबिंद के कारण दृष्टिबाधित लोगों की पहचान करना
- लोगों के डर और चिंता को दूर कर इलाज के लिए आने के लिए प्रेरित करना, देखभाल की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करना और आरामदायक और सुविधाजनक सुविधाएं प्रदान करना
- शुल्क को वहन करने योग्य बनाकर बाधाओं को कम करना, लंबे प्रतीक्षा समय को कम करना, और परिवहन लागत, यात्रा समय और वेतन के नुक्सान को कम करना।

TIJSSEN FOUNDATION

Mission for Vision

सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य जर्नल, दक्षिण एशिया संस्करण निम्नलिखित संगठनों द्वारा समर्थित है टाइसेन फाउंडेशन और मिशन फॉर विज़न